# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका जनवरी 2026




नगर पालिक निगम भिलाई

# निगम आयुक्त ने किया जोन–5 के उद्यानों और क्रिकेट कोर्ट का निरीक्षण, संधारण और सफाई के दिए निर्देश

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा आज जोन–5 अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों एवं जन सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सेक्टर–4 स्थित उद्यानों और क्रिकेट कोर्ट की स्थिति का जायजा लिया तथा अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उद्यानों का कायाकल्प और बेहतर सफाई पर जोर देने निरीक्षण के क्रम में निगम आयुक्त एवं स्थानीय पार्षद राजेश चौधरी ने सेक्टर–4 सड़क 12 के समीप स्थित उद्यान का अवलोकन किया। आयुक्त ने उद्यान की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए तत्काल व्यापक साफ–सफाई कराने के निर्देश दिए। उद्यान में बच्चों के लिए स्थापित खेल सामग्रियों के संबंध में आयुक्त ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू एवं उप अभियंता को निर्देशित किये हैं कि सभी झूलों और उपकरणों का आवश्यक संधारण सुनिश्चित करें, ताकि बच्चों को सुरक्षित मनोरंजन मिल सके। आयुक्त ने सड़क 25 स्थित उद्यान का भी निरीक्षण किया और वहां भी बेहतर रखरखाव व संधारण कार्य जल्द पूर्ण करने को कहा। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए क्रिकेट कोर्ट में होगा सुधार खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने की दिशा में आयुक्त ने क्रिकेट कोर्ट का बारिकी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अभ्यास के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए उन्होंने कोर्ट के चारों ओर लगी जाली के संधारण के निर्देश दिए, ताकि खेल के दौरान सुरक्षा बनी रहे। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता प्रिया करसे, उप अभियंता शंकर सुवन मरकाम, स्वस्छता निरीक्षक सूर्या, सुपरवाइजर मनीष चौधरी, वेंकट सहित निगम के अन्य विभागीय कर्मचारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





नगर पालिक निगम भिलाई

# भिलाई शहर में 1415 आवासों का किया जायेगा निर्माण आयुक्त ने किया स्थल निरीक्षण

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में 1415 आवासों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। आवास निर्माण हेतु 15 स्थलों का चयन कर प्रस्ताव तैयार कर शासन को स्वीकृति हेतु भेजा गया है। उक्त स्थल का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा दिनांक 03.01.2025 को किया गया। भारत सरकार द्वारा मकानहीन परिवारो को स्वयं का पक्का मकान देने की योजना चलाई जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भिलाई शहर के कई स्थलों में आवास का निर्माण किया जाना है। आवास निर्माण कार्य पूर्ण होते ही जरूरतमंद हितग्राहियों को नियमानुसार मकान आबंटित किया जायेगा। जिन परिवारों के पास भारत में कहीं भी स्वयं के नाम पर जमीन नहीं है, उनको शासन द्वारा 3.25 लाख रूपये में आवास प्रदान किया जायेगा। वहीं स्लम बस्ती में निवासरत परिवारों को अन्य स्थल में व्यवस्थापन कर 1.45 लाख रूपये में आवास देने का प्रावधान है। भिलाई शहर के अन्य स्थलों पर आवास निर्माण हेतु स्थल चिन्हांकित किया गया है। प्रमुख स्थल अनुष्ठा रेसिडेंशी, खम्हरिया रोड एसबीआई कालोनी में ईडब्लूएस के लिए आरक्षित प्लाट, अविनाश सिटी, जुनवानी रोड नहर किनारे, सूर्या मॉल के पीछे, हाईटेक के बाजू में सीरियल कंस्ट्रक्शन, जुनवानी पेट्रोल पम्प एवं अन्य स्थल शामिल है। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना से दीपक देवांगन, भवन अनुज्ञा से दौलत चंद्राकर, प्रधानमंत्री आवास योजना सीएलटीसी आदित्य सिंह उपस्थित रहे।





नगर पालिक निगम भिलाई

# स्कूली बच्चों को दिलाया गया स्वच्छता का शपथ

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई वार्ड क्रमांक 33 संतोषी पारा के एस.एल.आर.एम. सेंटर में स्कूली बच्चों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। बच्चों को स्वच्छता का संदेश देते हुए बताया गया कि सूखा कचरा नीला एवं गीला कचरा हरा डस्टबिन में अलग–अलग रखा जाना चाहिए। निगम का सफाई मित्र घरो से निकले कचरे को एकत्र कर एस.एल.आर.एम. सेंटर तक पहुंचाने का काम करते है। यह भी बताया गया कि स्वच्छता दीदीयां किस प्रकार कचरे से पॉलीथिन, प्लास्टिक, धातु और अन्य सामग्रियों को अलग करते हैं । गीला कचरे को मशीन में डालकर खाद बनाने तक की प्रक्रिया को समझाया गया। वही खाद बागवानी में भी उपयोग में लाया जाता है। बच्चों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के साथ अपने घरो एवं आस–पास सफाई रखने शपथ दिलाया गया। प्रशिक्षण के दौरान स्वच्छता निरीक्षक चूड़ामणि यादव सहित स्कूल के शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।






नगर पालिक निगम भिलाई

# 60 हितग्राही आवास आबंटन से हुए लाभान्वित

भिलाईनगर। शासन के मंशानुसार नागरिको को पक्का मकान उपलब्ध कराने के उददेश्य से नगर पालिक निगम भिलाई सभागार कक्ष में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना की लाटरी का आयोजन किया गया। लाटरी में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद हरिओम तिवारी एवं अधीक्षण अभियंता सह नोडल अधिकारी की उपस्थिति में हितग्राहियों का लाटरी निकालकर आवास आबंटित किया गया है। निगम क्षेत्र में निवास कर रहे नागरिक जिनके पास स्वयं का पुरे भारत में पक्का मकान नहीं है, उन्हे सरकार द्वारा पक्का मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। नागरिक नियमानुसार नगर निगम भिलाई के आवास शाखा में आवेदन कर रहे है। जमा किये गये आवेदनों का सक्षम स्वीकृति लिया जाता है। स्वीकृति पश्चात आवास आबंटन की लाटरी का आयोजन किया गया है। आज निगम सभागार कक्ष में कुल 60 पात्र हितग्राहियों का लाटरी निकाला गया। लाटरी में जो ब्लाक और मकान नंबर लिखा होता है, उसे हितग्राही को आबंटित कर दिया जाता है। लाटरी में उपस्थित सभी हितग्राही मकान आबंटित होने पश्चात खुश होकर सरकार को धन्यवाद ज्ञाप्ति किये है। लाटरी के दौरान उप अभियंता दीपक देवांगन, आवास प्रभारी विदयाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, जी मोहन राव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।





**नगर पालिक निगम भिलाई**

# आयुक्त ने बैकुंठ धाम क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई जोन–3 अंतर्गत एसएलआरएम सेंटर, जी व्ही पी पॉइंट, सुलभ शौचालय, बैकुंठ धाम तालाब, पीएम आवास सहित मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना से दुकानो का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया है निगम आयुक्त द्वारा मदर टेरेसा नगर अंतर्गत वार्ड 33 में एस.एल.आर.एम सेंटर का निरीक्षण किया गयाद्य ैस्त्ड सेंटर मे चल रहे कचरा पृथककरण के कार्यों का जायजा लिये । ई–रिक्शा एवं ऑटो टिप्पर से डोर–टू–डोर कचरा बीट चार्ट अनुसार एकत्रित करने निर्देशित किये हैद्य नागरिको द्वारा कचरा फेकने वाले स्थल जी व्ही पी प्वाइंट को सौंदर्य करण किया गया हैद्य वार्ड मे सड़क किनारे लगाए गये पेवर ब्लॉक का जायजा लेते हुए अतिक्रमण को हटाने निर्देशित किये हैद्य रोड साइड अतिक्रमण कर आयुक्त ने दिवाल एवं चौंक–चौराहो मे पेंटिंग के माध्यम से स्वछता हेतु नागरिको को जागरूक करने कहा गया हैद्य नागरिकों की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए सुलभ शौचालय की नियमित साफ–सफाई एवं पानी की सुविधा बनाये रखने निर्देशित किये हैद्य वार्ड मे अवैध तरीके से रह रहे नागरिकों से मुलाकात कर 75000 में प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन करने ओर मुख्यमंत्री स्वालम्बन योजना से निर्मित दुकानों को स्वयं से खाली करने नागरिको से चर्चा किये है। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेंद्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चूड़ामणि यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।





नगर पालिक निगम भिलाई

# निगम क्षेत्र से अयोध्या धाम के लिए 7 श्रद्वालू हुए प्रस्थान

भिलाईनगर। सरकार द्वारा नागरिको को श्री रामलला दर्शन कराने निःशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत विशेष ट्रेन यात्रियों को अयोध्या भगवान राम के दर्शन हेतु भेजा जा रहा है। जिससे नागरिकों को आसानी से भगवान के दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराया जा सके।

नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में निगम परिसर से 7 श्रद्वालू श्री रामलला दर्शन हेतु अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किये। श्रद्वालूओं में राकेश मरकाम, कविता, रूखमणी यादव, रामबाई यादव, लुकेश कुमार, गीता देशमुख एवं अलिभा मोहन्ती शामिल है। इनके साथ सहयोगी के रूप में निगम से शशिभूषण मोहंती सहायक गेड–3 को अनुरक्षक बनाकर भेजा गया है। इन सभी श्रद्वालुओं को निगम के बस से दुर्ग रेल्वे स्टेशन के लिए रवाना किया गया है। जहां से वह योजना के तहत संचालित रेल के माध्यम से अयोध्या के लिए प्रस्थान करेगें। इससे पूर्व श्रद्वालुओं का फूल–माला और तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हे सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, समाज कल्याण विभाग से त्रिलोक ताम्रकार, सूखराम यादव उपस्थित रहे।



**नगर पालिक निगम भिलाई**

# महापौर परिषद की बैठक में विकास कार्यों पर लगी मुहर, जवाहर मार्केट का होगा कायाकल्प

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल एवं अपर आयुक्त सह सचिव राजेन्द्र कुमार दोहरे की गरिमामयी उपस्थिति में आज महापौर परिषद की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में शहर के बुनियादी ढांचे, राजस्व वृद्धि और जन सुविधाओं से जुड़े विभिन्न एजेंडा पर गहन चर्चा के बाद कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।मार्केट के उन्नयन एवं विकास कार्य के लिए संविदा निष्पादन और कार्यादेश जारी करने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। जल्द ही यहाँ विकास कार्य शुरू होंगे। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 5 नग बैकहो लोडर क्रय करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। परिषद सदस्यों ने इस पर विस्तृत विचार–विमर्श करते हुए प्रस्ताव को संशोधित कर पुनः प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

खुर्सीपार स्थित पंडित दीनदयाल मिनी स्टेडियम खेल परिसर में नवनिर्मित दुकानों को अस्थाई किरायेदारी पर देने के प्रस्ताव पर समिति ने अपनी सहमति दे दी है। निगम क्षेत्र के अंतर्गत यूनिपोल स्थापना, संधारण और विज्ञापन संबंधी कार्यों को सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिससे निगम की आय में वृद्धि होगी। कुरूद स्थित सुंदरविहार में प्रस्तावित कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट की स्थापना को लेकर भी बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, केशव चौबे, आदित्य सिंह, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, रीता सिंह गेरा, नेहा साहू, मालती ठाकुर सहित उपायुक्त डी.के. कोसरिया, लेखाधिकारी चंद्र भूषण साहू, सहायक अभियंता अजय गौर, उप अभियंता शशिकांत वर्मा, अर्पित बंजारे, देवराज राजपूत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



नगर पालिक निगम भिलाई

# सबके लिए आवास मिशन योजना का शुभारंभ

भिलाईनगर। भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 ''सबके लिए आवास मिशन'' 5 वर्षो के लिए प्रारंभ किया गया है। जिसमें आबादी भूमि में निवासरत हितग्राहियों का सर्वे किया जा रहा है, जिसके लिए पात्रता की शर्ते रखी गई है।

1.हितग्राही आबादी भूमि में 31 अगस्त 2024 के पूर्व नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में निवासरत हो।

2.हितग्राही के परिवार जैसे– पति, पत्नी एवं आश्रित बच्चे के समस्त स्त्रोत से वार्षिक आय अधिकतम राशि 3.00 लाख रूपये से अधिक नहीं होना चाहिए।

3.पिछले 20 वर्षो में केन्द्र सरकार, राज्य शासन एवं नगरीय निकास के किसी भी आवास योजना का लाभ ना लिया हो।

4.आवश्यक दस्तावेज में हितग्राही का भूमि का पटटा, विद्युत देयक रसीद, संपत्तिकर रसीद, समेकित कर रसीद, राशन कार्ड, मतदाता सूची, किरायानामा, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य शासकीय दस्तावेज, वर्ष 2011 के जनगणना सूची में नाम प्रस्तुत करना होगा।

इसी योजना से संबंधित अन्य जानकारी के लिए कार्यालय जोन क्रमांक–3 का हेल्प डेस्क नंबर के प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में संपर्क कर सकते है।





नगर पालिक निगम भिलाई

# शहीदों के सम्मान में निगम भिलाई के अधिकारी एवं कर्मचारियो द्वारा किया गया मौन धारण

भिलाई नगर। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को नगर पालिक निगम भिलाई मुख्य कार्यालय में गहन श्रद्धा और सम्मान के साथ दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौन धारण के माध्यम से उपस्थित जनों ने शहीदों के त्याग, समर्पण और बलिदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। वातावरण पूर्णतः शांति, संवेदना और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत–प्रोत रहा। इस अवसर पर यह संदेश भी दिया गया कि स्वतंत्रता और लोकतंत्र की रक्षा के लिए शहीदों का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा तथा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता रहेगा। कार्यालय में एक साथ आयोजित इस मौन श्रद्धांजलि कार्यक्रम ने शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया गया।



# नगर निगम निगम से अधीक्षण अभियंता हुए सेवानिवृत्त

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में कार्यरत अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी के 62 वर्ष की अवधि पूर्ण एवं सेवानिवृत्त होने पर बिदाई दी गई। इस अवसर पर मुख्य अभीयंता भागीरथ वर्मा, उप अभियंता दीपक जोशी एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में श्रीफल और पुष्प् गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। वे अधीक्षण अभियंता के पद पर रहते हुए शहर के विकास एवं निगम के हित में रहते हुए सौंपे गये कार्य का निष्ठापूर्ण निर्वहन किये।




**Editorial Board**

**श्री राजीव कुमार पाण्डेय**
**रा.प्र.से.**
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

**श्री तिलेश्वर साहू**
**प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**